आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 जून2025 **सान्ध्य समाचार**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मात्र एक तारीख नही बल्कि एक जीवन दर्शन है। अहिल्याबाई होल्कर ने धर्म और संस्कृति की रक्षा तो की ही, उन्होंने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी प्रतिमान स्थापित किए है। उप राष्ट्रपति आज आगरा में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा–

आज उत्तर प्रदेश का मतलब है सुशासन। कानून का राज। और, बिना कानून के राज के कोई भी विकास संभव नही है।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के कार्यो से प्रेरित हो कर डबंल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं संचालित कर ही है। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति की पत्नी सुदेश धनखड़, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल सहित कई जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

****

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए, सांसदों के सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। इस क्रम में शिष्टमंडल के साथ लंदन पहुंचे भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि हम वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

****

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार विशेष श्रंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता लांस नायक करम सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1947–48 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

1915 में पंजाब में जन्मे लांस नायक करम सिंह 1941 में सिख रेजीमेंट में भर्ती हुए। 1948 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में टीथवाल की लंबी लड़ाई के दौरान लांस नायक करम सिंह ने अहम भूमिका निभाई। 13 अक्टूबर की रात लेंस करम सिंह की चौकी पर भारी गोलाबारी के साथ दुश्मन ने एक बड़ा हमला किया। संख्या में बहुत कम होने और गोला बारूद की कमी के बावजूद उन्होंने दुश्मन के कई हमलों को विफल कर दिया। अपने साथियों को दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने और दुश्मन पर ग्रेनेड से हमले करने के लिए लांस नायक सिंह एक स्थान से दूसरे स्थान पर गए। दो बार घायल होने के बावजूद उन्होंने वहां से जाने से इनकार कर दिया और पहली पंक्ति की खाइयो पर बने रहे । दुश्मन के पांचवें हमले के दौरान दो दुश्मन सैनिक उनकी पोजीशन के बहुत करीब आ गए, गोलीबारी के खतरों से बचने के लिए करम सिंह अपनी खाई से बाहर निकले और संगीन से दोनों दुश्मन सैनिकों को मार डाला। अपनी असाधारण बहादुरी के लिए लांस नायक करम सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया जो टीथवाल की लड़ाई में साहस का प्रतीक बन गए। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

****

सरकार अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज से युवा प्रतिभाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है। पहली प्रतियोगिता का विषय है– ऑपरेशन सिंदूर – आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को फिर से परिभाषित करना। यह एक द्विभाषी निबंध प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता के शीर्ष तीन विजेताओं को दस–दस हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माई जी ओ वी की वेबसाइट पर जा सकते हैं। प्रतियोगिता इस महीने की तीस तारीख तक खुली है।

****

केंद्र सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान–दो हजार पचीस के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में कृषक–वैज्ञानिक की थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया रहा है। इसी सिलसिले में आज मेरठ के दबथुआ में आयोजित किसान चौपाल कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेती की लागत घटाना और उत्पादन बढ़ा कर किसान को समृद्ध करना विकसित कृषि संकल्प अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

****

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के संचालन में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में बनाये गये परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ बजे से बारह बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक हुई। बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर कई शहरों में यातायात व्यवस्था में बदलाव किये गये थे। समाचार मिलने तक किसी भी परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना नहीं थी।

****